हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री






प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

# बारिश में पूरे शबाब पर बोतलधारा जलप्रपात, निखरी अनुपम छटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

**लगभग 2 किमी की ऊंचाई से गिर रही है जलधारा**



बरसात के इन दिनो मे गरियाबंद जिले कि प्राकृतिक सुंदरता देखते ही बन रही है वन जंगल जहां हरियाली की चादर ओढ़े लोगों का मन मोह रहा है। वहीं जिले के भीतर खासकर उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंदर नदिया मचलती हुई धारो धार बह रही है। झरनों में पूरे आवेग है झरते हुए झरने अपने कलक से जंगलों के सन्नाटे को चिरते हुए तेज स्वरों से प्राकृतिक प्रेमियों को अपने पास आने का न्यौता देते प्रतीत हो रहा है। मैनपुर क्षेत्र के जंगल प्राकृतिक संपदा से भरा हुआ है यहां के सघन जंगल और छोटी बड़ी नदिया और सदाबहार झरने इसकी गवाही देते है अफसोस की बात तो यह है कि इतना प्राकृतिक सपन्न जिला होने के बाद भी क्षेत्र में पर्यटन को विकसित करने की दिशा मे आज तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा सकता जिसके कारण यहां के प्राकृतिक स्थल देश दुनिया के नक्शे से ओझल है। पर्यटन को विकसित करने की दिशा मे यदि प्रयास किया जाये तो न केवल सरकार को इससे राजस्व प्राप्त होगा बल्कि रोजगार के नये स्त्रोत भी पैदा हो सकते है।

बारिश के इन दिनों में मैनपुर वनांचल पहाडी क्षेत्र में कुछ जंगलों का नजारा बेहद खुबसुरत होता है खास तौर पर वाटर फाल अपने पूरे शबाब पर होते है। लोग इनके प्राकृतिक सौन्दर्य का आंन्द लेने जाते है पर उनमें से कई इन जगहों ▸▸ शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**

## राजिम में कुत्ते के काटने से 22 लोग हुए घायल



**राजिम।** राजिम एवं आसपास के ग्रामों में रविवार को एक कुत्ते द्वारा कुल 22 व्यक्तियों के काटे जाने की खबर सामने आई है। जिसका ईलाज सरकारी अस्पताल में रेबीज वैक्सीन इंजेक्शन लगाकर किया गया। नागरिको ने नगर क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामों में आवारा कुत्तों के नियंत्रण, धरपकड़ तथा आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को कुत्ता, बंदर या अन्य संदिग्ध पशु काट ले तो घाव को तुरंत साबुन और बहते पानी से अच्छी तरह धोएँ तथा बिना किसी देरी के निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचकर चिकित्सकीय परामर्श एवं एंटी रेबीज टीकाकरण अवश्य कराएँ। झाड़-फूंक या घरेलू उपचार पर निर्भर न रहें, क्योंकि रैबीज एक घातक लेकिन समय पर उपचार से पूर्णतः रोकी जा सकने वाली बीमारी है।

## परिवहन सुविधा केंद्रों के लिए पात्र-अपात्र सूची जारी

**गरियाबंद।** जिला परिवहन कार्यालय गरियाबंद द्वारा जिले में परिवहन सुविधा केंद्रों की स्थापना के लिए प्राप्त आवेदनों की जांच एवं छंटनी के बाद पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जारी कर दी गई है। यह सूची जिले के पांचों विकासखंडों में प्रस्तावित परिवहन सुविधा केंद्रों के लिए प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत तैयार की गई है। जिला परिवहन अधिकारी युगेश्वरी वर्मा ने बताया कि परिवहन सुविधा केंद्र स्थापित करने के लिए इच्छुक एवं अर्हताधारी आवेदकों से 30 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित अवधि में प्राप्त सभी आवेदनों का परीक्षण करने के बाद पात्र एवं अपात्र आवेदनों की सूची प्रकाशित की गई है। यदि कोई पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है। तो वह 31 जुलाई 2026 को शाम 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में जिला परिवहन कार्यालय, गरियाबंद में उपस्थित होकर अपना दावा या आपत्ति दर्ज करा सकता है। जिला परिवहन कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय के बाद प्राप्त किसी भी दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**समस्या : बारिश ने खोली बिजली विभाग की दावों की पोल; पेयजल आपूर्ति ठप**

# बारिश से बिजली व्यवस्था ध्वस्त, 100 से ज्यादा गांवों में 10 घंटे से छाया अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

मैनपुर और आसपास के क्षेत्रों में सोमवार सुबह से हो रही रुक-रुक कर बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। बारिश के साथ ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। दोपहर 1 बजे से खबर लिखे जाने तक पिछले 10 घंटों से मैनपुर नगर सहित आसपास के 100 से अधिक गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। लगातार बिजली बंद रहने के कारण पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया है। इससे लोगों को पेयजल संकट के साथ-साथ कई अन्य दैनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कब तक बहाल होगी, इसकी सही जानकारी देने वाला कोई जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं है। मानसून की शुरुआती बारिश ने ही बिजली विभाग के मेंटेनेंस और व्यवस्थाओं की पोल खोलकर रख दी है।

- भीषण बारिश के बावजूद जंगल में पेट्रोलिंग कर रहे कर्मचारी



### बिजली आपूर्ति बहाल का प्रयास जारी

मामले में जानकारी देते हुए बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारी शेखर चौधरी ने बताया कि विभाग के कर्मचारी लगातार स्थिति को सुधारने में लगे हुए हैं। चूंकि क्षेत्र मुख्य रूप से जंगलों से घिरा है और तेज बारिश हो रही है, इसलिए फॉल्ट ढूंढने और तारों की मरम्मत करने में कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने का प्रयास जारी है।



दूसरी ओर, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बिजली विभाग के मैदानी कर्मचारी व्यवस्था दुरुस्त करने में जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। भारी बारिश के बीच कर्मचारी लगातार लाइन पेट्रोलिंग कर रहे हैं। हालांकि, क्षेत्र घने जंगलों से घिरा होने के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कई स्थानों पर पेड़ की टहनियाँ गिरने से बिजली के तार टूट गए हैं, तो वहीं कुछ जगहों पर गंभीर तकनीकी खराबी आ गई है।

# नाबालिग से चाकू की नोक पर दुष्कर्म, युवक को 20 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

गरियाबंद स्थित फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (पॉक्सो एवं बलात्कार प्रकरण) ने नाबालिग से दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और कुल 23 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अदालत ने स्पष्ट किया कि महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध गंभीर अपराधों में कानून का शिकंजा देर-सवेर कसता ही है। अभियोजन के अनुसार, घटना 19 मई 2025 की है। आरोपी धर्मेंद्र उर्फ रामा ठाकुर (21 वर्ष) ने नाबालिग पीड़िता को सुनसान स्थान पर ले जाकर चाकू की नोक पर दुष्कर्म किया। वारदात के बाद उसने जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने साहस जुटाकर घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद थाना छुरा में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय के न्यायाधीश ने पीड़िता के बयान, चिकित्सकीय रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आरोपी को पॉक्सो अधिनियम की धारा 4(1) के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 15,000 अर्थदंड, आईपीसी की धारा 351(3) के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5,000 अर्थदंड तथा धारा 115(2) के तहत 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3,000 अर्थदंड से दंडित किया। इस प्रकार आरोपी पर कुल 23,000 का अर्थदंड लगाया गया। मामले की विवेचना पुलिस द्वारा प्रभावी ढंग से की गई। अभियोजन पक्ष ने न्यायालय में 14 गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनके आधार पर अदालत ने दोष सिद्ध माना। इस फैसले को महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों के लिए कड़ा संदेश माना जा रहा है। न्यायालय ने अपने निर्णय से यह स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में कानून अपराधियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करता है और पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी विवेचना एवं मजबूत साक्ष्य अहम भूमिका निभाते हैं।



# कार का फटा टायर, जनपद सदस्य सहित चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में सोमवार को शाम 5 बजे के आसपास तौरेंगा कोदोमाली के पास चलती कार का टायर फट गया जिससे कार में सवार जनपद पंचायत मैनपुर के सदस्य परमेश्वर जैन उरमाल निवासी सहित चार लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है। परमेश्वर जैन सहित खेमराज नागेश सरगीगुड़ा, भुनेश्वर नागेश सरगीगुड़ा, मोहित यादव देवभोग घायल हो गए है। घायलों के सिर, हाथ, पैर में चोट आई है। मिली जानकारी के अनुसार उरमाल निवासी परमेश्वर जैन एवं उनके साथ तीन लोग बिलासपुर से वापस लौट रहे थे कि तौरेंगा कोदोमाली के पास कार के टायर फट जाने से कार का चालक नियंत्रण खो बैठा और कार पेड़ से टकरा गई जिससे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया ▸▸ शेष पेज 10 पर



**मांगें पूरी न होने से आक्रोश**

# कर्मचारी 29 को कलेक्टोरेट का घेराव और चक्का जाम करेंगे

**गरियाबंद।** आदिम जाति कल्याण विभाग कर्मचारी संघ, छत्तीसगढ़ 30183 जिला शाखा गरियाबंद ने अपनी लंबित मांगों के निराकरण नहीं होने पर 29 जुलाई को देवभोग–रायपुर मुख्य मार्ग पर कलेक्ट्रेट के पास चक्का जाम एवं कलेक्ट्रेट घेराव की घोषणा की है। जिला अध्यक्ष डोमार बघेल ने बताया कि संघ के कर्मचारी 1 जुलाई से सामूहिक अवकाश लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे थे। इस दौरान 3 जुलाई 2026 को जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप एवं सहायक आयुक्त की मध्यस्थता में संगठन के साथ बैठक हुई थी। बैठक में रथयात्रा से पूर्व सभी 513 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का तीन-तीन माह का लंबित वेतन भुगतान करने तथा अन्य मांगों पर सहमति बनी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि आज तक इस सहमति पर पूर्ण रूप से अमल नहीं किया गया। केवल कुछ कर्मचारियों के एक से दो माह के वेतन का ही 23 एवं 24 जुलाई को आहरण किया गया, जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। संगठन ने पूर्व निर्धारित निर्णय के अनुसार 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को धरना स्थल से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट घेराव करने तथा देवभोग–रायपुर मुख्य मार्ग पर कलेक्ट्रेट ▸▸ शेष पेज 10 पर

# पंचायतों में विशेष ग्रामसभाएं 30 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार 30 जुलाई 2026 को प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन करने के लिए कलेक्टर ने आदेशित किया है। ग्राम सभा में शत प्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा। ग्राम सभा में विशेष रूप से 16 वे वित्त आयोग अंतर्गत 2026 -27 के लिए निर्मित ग्राम पंचायत विकास योजना ( जीपीडीपी ) का निर्माण एवं अनुमोदन किया जाना है। इसके अतिरिक्त एजेण्डाओ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस सूची तथा मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अपात्र हितग्राहियों का नाम विलोपन हेतु ग्राम सभा प्रस्ताव पारित किये जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृति उपरांत अप्रारभ आवासों को प्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने हेतु सूची का वाचन, आवास हितग्राहियों की स्वीकृति का वाचन, आवास हितग्राहियों का समयावधि में आवास ▸▸ शेष पेज 10 पर




**अब प्रत्येक कार्यकर्ताओं को करेंगे प्रशिक्षित**

# आंबा केंद्रों में योगाभ्यास के लिए सुपरवाइजरों को मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा



महिला एवं बाल विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा के अंतर्गत प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में योग गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में संचालनालय महिला एवं बाल विकास, छत्तीसगढ़ द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रेषित किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन लगभग 10 से 15 मिनट का आयु-उपयुक्त योग सत्र आयोजित किया जाएगा। योग सत्र में बच्चों के लिए सरल एवं सुरक्षित योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, तितली आसन (बद्धकोणासन), भुजंगासन, मार्जरी आसन, शशांकासन (बाल मुद्रा) तथा अंत में 1 से 2 मिनट का शवासन अथवा शांत विश्राम कराया जाएगा। इन गतिविधियों का आयोजन मुक्त खेल के पश्चात एवं नाश्ते से पूर्व करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि प्रत्येक माह आयोजित होने वाले ईसीसीई दिवस पर योग एवं मूवमेंट आधारित गतिविधियों, बालगीतों तथा संतुलन एवं समन्वय विकसित करने वाले खेलों का आयोजन किया जाए। वहीं सुपोषण चौपाल के दौरान अभिभावकों को बच्चों के नियमित शारीरिक व्यायाम, योग, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व से भी अवगत कराया जाएगा।

**बच्चों के शारीरिक-मानसिक विकास को मिलेगा बढ़ावा-** इसी क्रम में छुरा परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी सुपरवाइजरों को योगाचार्य मिथलेश ▸▸ शेष पेज 10 पर

**खबर संक्षेप**



### राजिम कॉलेज के वाटर कूलर का लोकार्पण

**राजिम।** शासकीय राजीवलोचन कॉलेज के 54वें स्थापना दिवस पर परिसर में पौधारोपण एवं कूलर लोकार्पण समारोह आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष सुश्री छाया राही ने की। इस अवसर पर सभापति आकाश सिंह राजपूत, पार्षद सुरेश पटेल, पार्षद बलराम यादव, विधायक प्रतिनिधि एवं जनभागीदारी समिति सदस्य संजीव साहू, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष हरीश साहू, आशीष साहू, धर्मेंद्र ध्रुव, दयाराम यादव, मोहनलाल वर्मा, श्वेता खरे तथा तामेश्वर मार्कण्डेय सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। विद्यालय में स्थापित किए गए वाटर कूलर से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। कार्यक्रम में विद्यालय एवं महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### दिनेश शर्मा किसान मोर्चा मंडल प्रभारी नियुक्त



**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा मैनपुर मंडल प्रभारी दिनेश शर्मा को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हलमन ध्रुवा द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर की सहमति से की गई है। मंडल प्रभारी दिनेश शर्मा ने कहा की पार्टी द्वारा जो जिम्मेदारी दिया गया है उसमें पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

### महुआ शराब बेच रहे व्यक्ति पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम उड़ेला में महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ बसना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम उड़ेला में बांधा जाने वाले कच्चे रोड सेमर पेड़ के पास कोमल कुमार बंसत पिता गनपत बंसत (38 साल) लोहंडीपुर शराब की बिक्री कर रहा था।

## कार्यक्रम : हर घर तिरंगा फहराने और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात, पूर्व राष्ट्रपति कलाम और कारगिल शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम पीएम के मन की बात का 136 वा एपिसोड का प्रसारण जुलाई माह के अंतिम रविवार 26 जुलाई को हुआ जिसका फिंगेश्वर के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने टीवी पर प्रकाशन देखा एवं जाना। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य भाजपा किसान मोर्चा रामू राम साहू के वार्ड नंबर 12 विनायक नगर निवास पर उपस्थित होकर पीएम के मन की बातें सुना इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामू राम साहू मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष तुलाराम साहू,हीरामन साहू,अश्वनी साहू राधेश्याम साहू,गोविंदा सरदार सहित अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपस्थित होकर टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के उद्बोधन एवं विचार सुने। वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान किया उन्होंने पौधा रोपण को बढ़ावा देने की बातें कही। नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न जेपी अब्दुल कलाम को याद करते हुए 27 जुलाई को उनके जन्मदिन का चर्चा किया और कहा कि वे एक शिक्षक के रूप में बच्चों को प्रोत्साहित ज्ञान के माध्यम से करते थे।

**वीरों के त्याग को याद करने की अपील-** नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस आगामी दिनों पर आने का चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस वीर शहीदों के त्याग तपस्या को याद करने का दिन है। इस दिन हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा प्रधानमंत्री जी ने विक्रम एक की सफलता के लिए बधाई भी दिए। उन्होंन वह वोकल-लोकल पर जोर दिया और लोकल उत्पाद का उपयोग करने को कहा। मोदी जी ने पानी की बचत पर जोर देते हुए कहा कि पानी भविष्य की संपत्ति है। उन्होंने कारगिल दिवस का जिक्र करते हुए कारगिल दिवस की देशवासियों को बधाइयां दिया और कारगिल के शहीदों को नमन किया। गणेश चतुर्थी की चर्चा करते हुए उन्होंने देश की मिट्टी से श्री गणेश बनाने एवं उनकी पूजा करने को कहा। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामू राम साहू में कहा कि पीएम के मन की बात का 136 वां एपिसोड देश की जनता के लिए अत्यंत ही प्रेरणादाई एवं ज्ञानवर्धक रहा है जिसमें विविध त्यौहार एवं महत्वपूर्ण तिथियां के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रधानमंत्री के द्वारा दिया गया जो सभी के लिए अनुकरणीय एवं प्रेरणादाई है।



**भाजपाइयों ने सुना मन की बात का 136वां एपिसोड**

राजिम। राजिम के बूथ क्रमांक 95 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम /"मन की बात/" के 136वें संस्करण का सामूहिक श्रवण बूथ प्रभारी आकाश सिंह राजपूत व बूथ अध्यक्ष योगेश्वर गोस्वामी के निवास पर किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से लोकल फॉर वोकल अभियान को जन-आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को अपनाने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने का संदेश देते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे देश के छोटे उद्यमियों, कारीगरों एवं स्थानीय उद्योगों को नई ऊर्जा और सशक्त आधार प्राप्त होगा। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभापति, नगर पालिका परिषद, आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व देश को आत्मनिर्भरता, समृद्धि और वैश्विक प्रतिष्ठा की नई ऊँचाइयों तक ले जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में भारत निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में सहभागी बनने का आग्रह किया।

## कर्मा मंदिर में साहू समाज के समारोह विधायक इंद्रकुमार साहू का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा परिक्षेत्र साहू समाज के तत्वावधान में शहर के मां कर्मा मंदिर में परिक्षेत्र अध्यक्ष रमेश साहू के नेतृत्व में स्वागत सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू रहे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू का सम्मान शॉल श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया गया। इस आयोजन में जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष हीरामन साहू, उपाध्यक्ष पोषण साहू, धनमती साहू, संगठन सचिव योगेश साहू, सरस्वती साहू व राजिम भक्तिन माता समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाला साहू, उपाध्यक्ष आलोक साहू, शारदा साहू, संगठन सचिव रमेश साहू तथा गीता साहू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, नवनियुक्त एल्डरमेन मुकुंद मेश्राम, गुलाब राव, कन्हैया साहू, नवल साहू, अन्नपूर्णा देवांगन का भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान पेंशनर्स समाज के तहसील अध्यक्ष



रविशंकर साहू, हरिराम साहू, भरोसी साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से पधारे विशिष्ट अतिथियों में तहसील साहू संघ तिल्दा के अध्यक्ष मनीराम साहू ,कोषाध्यक्ष डॉ. शिव साहू, परिक्षेत्र साहू समाज रीवा के अध्यक्ष थानसिंह साहू, परिक्षेत्र साहू समाज सरारीडीह के अध्यक्ष डागेश्वर साहू, राजिम भक्तिन माता समिति के पूर्व उपाध्यक्ष नूतन साहू, नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू ,नगर साहू संघ नयापारा के पूर्व अध्यक्ष मेघनाथ साहू ,जिला रायपुर ग्रामीण के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष प्रेमलाल साहू ,नवापारा सोसायटी अध्यक्ष छन्नू साहू, नवापारा पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय साहू ,किसान नेता चंद्रिका साहू ,परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के अध्यक्ष पारसमणी साहू, चंपारण परीक्षेत्र के उपाध्यक्ष रामकुमार हिरवानी, संगठन सचिव भुवन साहू, विधायक प्रतिनिधि मुकेश ढीढी को भी शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।



### दलदल में फंसी गौमाता का सुरक्षित रेस्क्यू

**राजिम।** दलदल में फँसी गौ माता की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने बिना समय गंवाए तुरंत मौके पर पहुँचकर पार्षदों एवं मोहल्ले के युवा साथियों के साथ राहत कार्य शुरू किया। महेश यादव स्वयं कीचड़ में उतरकर रस्सी की सहायता से गौ माता को सुरक्षित बाहर निकालने में जुटे। सभी साथियों के सामूहिक प्रयास और सेवा भाव से आखिरकार गौ माता को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। यह केवल एक रेस्क्यू नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सेवा और मानवता का जीवंत उदाहरण है। ऐसे कार्य समाज को यह संदेश देते हैं कि हर जीव की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है। गौ माता की सेवा ही सच्ची सेवा है।

## श्री राधाकृष्ण मंदिर में लाखों की संख्या में निर्मित करेंगे पार्थिव शिवलिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सावन माह की पावन बेला में नगर का श्री राधाकृष्ण मंदिर एक बार फिर भक्ति, आस्था और शिव आराधना का केंद्र बनने जा रहा है। आगामी 3 अगस्त से 24 अगस्त तक पड़ने वाले सावन के चारों सोमवार मंदिर परिसर में विशाल स्तर पर पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं पूजन का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मातृशक्तियां, श्रद्धालु और शिवभक्त शामिल होंगे। आयोजन के दौरान भक्तों के लिए भोजन-प्रसादी की भी विशेष व्यवस्था की गई है। श्री राधाकृष्ण मंदिर के ट्रस्टी गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में वर्षों से सावन माह के दौरान पार्थिव शिवलिंग निर्माण की परंपरा चली आ रही है। प्रत्येक वर्ष हजारों नहीं बल्कि लाखों की संख्या में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया जाता है। इसमें महिलाएं, युवा, बुजुर्ग एवं बच्चे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लेते हैं। सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर परिसर हर-हर महादेव और



बम-बम भोले के जयघोष से गुंजायमान रहता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी सावन के तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ के महाजलाभिषेक का भव्य आयोजन होगा, जो इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहेगा। इस अवसर पर महानदी से श्री राधाकृष्ण मंदिर तक श्रद्धालु मानव श्रृंखला बनाकर खड़े रहेंगे। हाथों-हाथ पवित्र गंगाजल और महानदी का जल बाल्टियों के माध्यम से मंदिर तक पहुंचाया जाएगा तथा उसी जल से भगवान शिव का सामूहिक अभिषेक किया जाएगा।

**समिति ने की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील-** यह अदभुत दृश्य श्रद्धा, एकता और सनातन परंपरा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगा। महाजलाभिषेक के दौरान विद्वान पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठेगा। अग्रवाल परिवार के सदस्य पूरे विधि-विधान और श्रद्धाभाव के साथ इस आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उनके साथ नगर के समाजसेवी, विभिन्न धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी, मातृशक्तियां तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी सेवा और पूजन कार्य में सहभागी बनेंगे। मंदिर समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर पार्थिव शिवलिंग निर्माण, शिव पूजन एवं महाजलाभिषेक में सहभागिता निभाने की अपील की है। सावन के पवित्र माह में आयोजित यह धार्मिक आयोजन नगर की आस्था, सामाजिक एकता और सनातन संस्कृति का भव्य प्रतीक बनकर एक बार फिर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करेगा।

## छात्र राघव की मौत के मामले में दोषियों पर कार्रवाई की मांग, भूपेश बघेल को सौपा ज्ञापन

**मैनपुर।** मैनपुर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को छात्र राघव मंडावी के मौत के मामले को लेकर उनके पिता फिरतु मंडावी व परिजनों ने ज्ञापन सौपकर मामले में दोषियों पर कार्यवाही करने की मांग किया है जिस पर भूपेश बघेल ने परिजनों को पूरी तरह आश्वस्त किया है कि इस मामले में कार्यवाही की मांग करेंगे और दोषियों को सजा भी दिलाएंगे। मृतक छात्र के पिता फिरतु मंडावी ने बताया की मैनपुर बड़ेगोबरा आदिवासी बालक आश्रम में उनके पुत्र राघव मंडावी कक्षा सातवीं का छात्र है और आश्रम के तत्कालीन अधीक्षक राकेश साहू के द्वारा उनके पुत्र का समय पर इलाज नहीं करवाए जाने के चलते उसकी दर्दनाक मौत हो गई। इस मामले को लेकर पूरे आदिवासी समाज के लोगों ने मैनपुर मे चक्काजाम किये थे तो जिले के अफसरो ने एक सप्ताह के भीतर आश्रम अधीक्षक पर कार्यवाही करते हुए मुआवजा देने की बात कही थी लेकिन इस मामले में अब तक दोशियो पर कोई कार्यवाही नही हुआ। बल्कि न्याय के लिए गुहार लगा रहे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो पर 06 माह बाद एफआईआर की कार्यवाही की गई है। पीड़ित पिता ने रोते हुए और लिखित आवेदन सौपकर पूर्व मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है एक बार फिर आदिवासी छात्र राघव मंडावी के मौत का मामला गरमाता नजर आ रहा है।

## सेंदर में जिला स्तरीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**छुईहा बेलर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, जिला संघ गरियाबंद के तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सेंदर में आयोजित जिला स्तरीय तृतीय सोपान/निपुण स्काउट-गाइड जांच परीक्षा एवं प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को स्काउटिंग के व्यावहारिक एवं अनुशासनात्मक प्रशिक्षण की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त राजेश चंद्राकर, जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन, डीओसी स्काउट आशीष साहू तथा डीओसी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला मुख्य आयुक्त ओंकार साहू की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर ब्लॉक सचिव मुराली लाल साहू, जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू, रवि तारक, लॉरेंस महिलांगे, गीतांजलि सिन्हा, प्रेमलाल साहू (भोजन प्रभारी), नागेश साहू, चन्द्रिका साहू, रूपा साहू, गंगा साहू, नीतू शाह, मालिक राम मरकाम, दीप कुमार बांधे सहित बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, रोवर एवं रेंजर उपस्थित रहे। प्रशिक्षण शिविर में



प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्काउटिंग के सिद्धांतों और व्यवहारिक कौशल का अभ्यास किया।

## कलेक्टर, एसपी व जिपं सीईओ ग्रामीणों की समस्याओं का कर रहे समाधान

# जिले के ग्रामों में लगातार पहुंच रहे आला अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले को नक्सल मुक्त घोषित किए जाने के बाद अब जिले का प्रशासनिक अमला लगातार दूरस्थ और बीहड़ वनांचलों का रुख कर रहा है। गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उईके, पुलिस अधीक्षक देवव्रत सिरमोर तथा जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर सहित आला अधिकारी लगातार वनांचल के दूरदराज गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे हैं। इससे वर्षों से विकास से वंचित ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि मैनपुर विकासखंड के कई वनांचल गांव पिछले 20-22 वर्षों से अति-संवेदनशील और नक्सल प्रभावित होने के कारण मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे। 31 मार्च को गरियाबंद जिला नक्सल मुक्त होने के बाद से जिला प्रशासन ने इन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने का अभियान शुरू किया है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के भीतर बसे ग्राम नागेश, साहेबिनकछार और गोना में राज्य निर्माण के बाद से आज तक जिले का कोई बड़ा अधिकारी नहीं पहुंचा था। हाल ही में 'सुशासन तिहार' के माध्यम से गोना और साहेबिनकछार में शिविर का आयोजन किया गया, जहां कलेक्टर भगवान सिंह उईके, एसपी देवव्रत सिरमोर और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर खुद पहुंचे। वर्षों बाद अपने बीच जिले के शीर्ष अधिकारियों को पाकर ग्रामीणों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन द्वारा इन गांवों में सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, पेयजल, स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है। पर्यावरण संबंधी अनुमतियों की समस्याओं को भी दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों के इस तरह लगातार वनांचल क्षेत्रों के दौरों और गांवों में लग रहे चौपाल शिविरों से ग्रामीणों के मन में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास मजबूत हो रहा है। यद्यपि बारिश के कारण वर्तमान में सड़क निर्माण कार्यों में कुछ बाधाएं आ रही हैं, लेकिन मानसून के बाद इन बीहड़ क्षेत्रों में सड़क, मोबाइल नेटवर्क और पक्के पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के काम में तेजी आएगी।



**आजादी के 79 वर्षों बाद कुंरूवापानी पहुंचे जिला पंचायत सीईओ**

जिले के सबसे बीहड़ इलाकों में शुमार कुल्हाड़ीघाट, ताराझर और कुंरूवापानी में आजादी के 79 वर्षों के इतिहास में पहली बार कोई जिला स्तर का आला अधिकारी पहुंचा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चन्द्राकर ने 15 जुलाई 2026 को प्रशासनिक टीम के साथ कुंरूवापानी और ताराझर पहुंचकर चौपाल लगाई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और गांव के समग्र विकास का खाका तैयार किया।

## पेज 9 के शेष...

### बारिश में पूरे शबाब ...

पर असावधानी के चलते लोग घटनाओं के शिकार भी होते है इसलिए वाटरफाल देखने से पहले पुरी सुविधाओं के साथ और सावधानी पूर्वक जाना चाहिए ऐसी ही एक वाटरफाल तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 15 किलोमीटर की दूरी कुल्हाडीघाट के पहाडी पर बोतल धारा के रूप में पूरे प्रदेश में प्रसिद्ध है। इस वाटरफाल को तहसील मुख्यालय मैनपुर से देखा जा सकता है। लगभग 2 किलोमीटर की ऊंचाई से बोतल की आकार लिए धुआंधार जल प्रपात को गिरते देखने का एक अलग ही अनुभव है। यहां पहुंचने के लिए मैनपुर से बुडार तक 07 किलोमीटर वाहन से पहुंचा जाता है और 6 किलोमीटर पैदल दुर्गम पहाडी रास्तों को पार कर यहां पहुंचते है। हर बारिश के दिनों क्षेत्र के खासकर युवा यहां पहुचते है और जल प्रपात का आंन्नद लेते है। यह जंगल जितनी खुबसुरत है उतनी यहां पहुंचना खतरनाक है, लेकिन कही पर भी चेतावनी बोर्ड नहीं लिखा है, यहां चेतावनी बोर्ड लगाया जाना बेहद आवश्यक है। सेल्फी और ग्रुप फोटो यहां लेना बेहद खतरनाक साबित हो सकता है इसलिए इस खुबसूरत वाटर फाल के तरफ प्रशासनिक तौर पर सुरक्षा के इंतजाम पर्यटन मंडल को करना चाहिए वैसे यहां मात्र चार माह ही बारिश के दिनों में वाटर फाल देखने को मिलता है, बहरहाल बोतल धारा जल प्रपात की खुबसुरती को वंही बीहड जंगलों को पार को पहुंचने के बाद ही अहसास किया जा सकता है। **बोतल धारा जलप्रपात की खुबसूरती देखते ही बन रही है-** मैनपुर क्षेत्र के काफी प्रसिद्ध जलप्रपात बोतल धारा पिछले दो दिनों से अपने पुरो सबाब पर है और मैनपुर नगर से इसकी खुबसुरत नजारा को देखा जा सकता है, यहा पहुचने के लिए बेहद ही घनें जंगल पत्थरीले, चीकने पत्थरों को पार कर पहुचा जाता है इन पत्थरों में लगातार पानी के कारण फिसलन होने से हमेंशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, क्षेत्र के लोगों ने पर्यटन विभाग से मांग किया है कि यह खुबसरत जलप्रपात तक आसानी से पहुचने के लिए बारिश के दिनों में अस्थाई सडक का निर्माण किया जाए जिससे पर्यटकों को इसका लाभ मिल सके, और बारिश के दिनों में ही बोतल धारा जलप्रपात का आंनद लिया जा सकता है।

### कार का फटा ...

गया है जिन्हे जिला अस्पताल रिफर करने की तैयारी किया जा रहा है। नेशनल हाइवे दबनई मोड़ के पास मोटर साइकिल चालक फिसलकर गिरा घायल अस्पताल पहुंचे। मैनपुर गरियाबंद मुख्यमार्ग मे आज सोमवार शाम मोटर साइकिल से अपने घर लौट रहे बेलरबाहरा निवासी विनोद प्रजापति की मोटर साइकिल बारिश के कारण सड़क किनारे फिसल गया जिससे उनके सिर मे चोट लगी है और उसे इलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया है जहां उनका उपचार किया जा रहा है।

### कर्मचारी 29 को...

के पास चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। संगठन का कहना है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा आंदोलन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न की जाती है, तो वहीं पर आमरण अनशन एवं भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

### पंचायतों में विशेष...

बनाने का संकल्प, ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्राप्त रोजगार एवं आजीविका संबंधी मांगों का संकलन एवं अनुमोदन, चयनित कार्यों को ग्राम सभा से अनुमोदित कर कार्य योजना में सम्मिलित करने का प्रस्ताव, महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य कमजोर वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना, ग्राम सभा की कार्यवाही, उपस्थिति पंजी, प्रस्ताव, फोटो एवं वीडियो का संधारण कर नियमानुसार आनलाईन पोर्टलो पर समयबद्ध अपलोड करना,ओडीएफ के स्थायित्व को बनाये रखने की शपथ, सामुदायिक शौचालय को स्वच्छ रखने एवं रख रखाव पर चर्चा,डोर टू डोर कचरा संग्रहण हेतु स्वचछाग्राही दीदीयो को सहयोग देने का संकल्प के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा आदि शामिल हैं।

### आंबा केंद्रों में...

कुमार सिन्हा द्वारा योग प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान उन्होंने बालकों के लिए उपयुक्त सरल योगासन, श्वास-प्रश्वास की विधियां, योग गतिविधियों के संचालन की तकनीक तथा बच्चों में एकाग्रता, संतुलन एवं स्वास्थ्य संवर्धन के लिए योग के महत्व की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में यह जानकारी भी दी गई कि प्रत्येक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को उनके संबंधित सेक्टर के मास्टर ट्रेनर (सुपरवाइजर) द्वारा योग का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में योग गतिविधियों का प्रभावी एवं नियमित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इस प्रशिक्षण व्यवस्था के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक केंद्र तक योग की पहुंच सुनिश्चित होगी तथा छोटे बच्चों में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और शारीरिक-मानसिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग परियोजना अधिकारी चंदूलाल साहू, सेक्टर पर्यवेक्षकों में कुंती साहू छुरा, लावेश्वरी जगत दुल्ला, कौशल वर्मा सिवनी, रोशनी नारंग कोसमी, रेखा देवांगन चरौदा, हितकराणी देवांगन लोहझर / खड़मा, सीता ठाकुर मुड़ागांव, लूकेश्वरी चन्द्राकर सोरिद, पद्मनी सिन्हा कनसिंघी, सावित्री भार्गव रसेला, ईश्वरी पटेल पेण्ड्रा, योगेश्वरी ओगरे पाण्डुका, दुष्यंत सिन्हा, बबलू खान उपस्थित रहे।

## मांग : महाप्रभु जगन्नाथ के दरबार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की पूजा अर्चना

# छत्तीसगढ़ के कथावाचकों को भी मिले सुरक्षा : भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सोमवार को शाम 6 बजे मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम अमलीपदर अंतराष्ट्रीय कथावाचक युवराज पांडेय के बुलावे पर पहुंचे। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान जगन्नाथ के मंदिर मे पूजा अर्चना कर पूरे प्रदेश मे सुख शांति खुशहाली की कामना किया। कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय ने भूपेश बघेल का आत्मीय स्वागत किया। श्री बघेल ने कहा संस्कृति और धार्मिक प्रचार से आचार्य का मान सम्मान शिखर पर है, ऐसे महान विभूतियों को अपने कार्य में निरन्तर लगे रहना और उन्हें उसी मार्ग पर आगे बढ़ाना ही हमारा कर्तव्य होना चाहिए। आचार्य जिस स्थान पर है उनका सम्मान सदैव बना रहेगा। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा अमलीपदर की ऐतिहासिक रथयात्र छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति विरासत और धार्मिक आस्था समाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है भगवान श्री जगन्नाथ का संदेश सभी को साथ लेकर चलने मानव सेवा और लोक कल्याण मार्ग अपनाने की प्रेरणा देता है। रथयात्र पर्व समाज को एकता भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यो से जोड़ने का कार्य करता है। बघेल के साथ कांग्रेस सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मंडावी, गुंण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद,जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा समेत कई कांग्रेसी के वरिष्ठ नेता भी पहुंचे हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर आचार्य युवराज पाण्डेय के सुरक्षा पर सवाल उठाया।बोले कि हजारों लाखों की भीड़ में पहुँच प्रदेश के कथावाचक धर्म का प्रचार कर रहे,यही कार्य दूसरे राज्य से आए कथावाचक करते है तो उन्हें सुरक्षा मिलता है पंडित युवराज पाण्डेय को भी सुरक्षा मिलना चाहिए। श्री बघेल ने कहा मैंने सरकार को आचार्य की सुरक्षा बढ़ाने पत्रचार किया है।



### मैनपुर, धवलपुर, नवागढ़ व अमलीपदर में स्वागत



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जैसे ही गरियाबंद से अमलीपदर के लिए निकले उनका जगह-जगह ऐतिहासिक स्वागत किया गया जिसके कारण श्री बघेल तीन घंटे विलंब से अमलीपदर पहुंचे। मैनपुर पहुंचने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव के नेतृत्व मे सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने ऐतिहासिक गाजेबाजे के साथ स्वागत किया और भूपेश बघेल को फुलमालाओ से लाद दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, निहाल नेताम, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी, शाहिद मेमन, सामंत शर्मा, टीकम सिंह कपिल, डोमार साहू, लिकेश यादव, तनवीर राजपूत, कोमल ठाकुर, पिले"वर सोरी, हुलार क"यप, जाकिर रजा, लिलेश साहू, नीरा कपिल, रामभरोसा नेताम, बनसिंग सोरी, खेलन साहू, शेखर पटेल, इमरान खान, फिरतु मंडावी, आशीश राय, उवैश भट्टी, अयान रजा, जिला महामंत्री नीरज ठाकुर, तपेश्वर ठाकुर, सेवन पुजारी, ललिता यादव, पंकज मांझी, श्रवण सतपति, अनुराध बाघे, भुवन यादव, जगबंधु सिन्हा, चित्रंश ध्रुव, अमृत पटेल एवं सैकड़ो की संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे वही धवलपुर मे ऐतिहासिक स्वागत किया गया इस दौरान हबीब मेमन, शत्रुघन सिन्हा, टिके"वर तिवारी, महेन्द्र बारले, हेमलाल बारले, चंदा बारले, मनीराम यादव, कंदार प्रधान, फिरता निशाद, केदार दाउ, भिकम सिन्हा, नुतन मरकाम, रेवती यादव, दिनेश ठाकुर, लोकेश ठाकुर, नेपाल सोरी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।



## स्केटिंग के जरिए देश भ्रमण पर निकले यूपी के युवा का ग्राम कुंडेल में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

स्केटिंग के माध्यम से पूरे भारत का भ्रमण, 12 ज्योतिलिंर्ग एवं चारधाम यात्रा का संकल्प लेकर निकले उत्तर प्रदेश निवासी युवा इंस्टा स्केटर राइडर का जिले के ग्राम कुंडेल में आत्मीय एवं भव्य स्वागत किया गया। वे अब तक 11 राज्यों की यात्रा पूर्ण कर 12वें राज्य के रूप में छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। ग्राम कुंडेल पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ता रमेश सिन्हा एवं स्थानीय युवाओं ने पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया और स्मृति स्वरूप सम्मान प्रदान किया। इस दौरान ग्रामीणों एवं युवाओं ने उनकी साहसिक यात्रा के उद्देश्य, अनुभवों तथा भविष्य की यात्रा को लेकर विस्तृत चर्चा की। युवा यात्री ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल भारत भ्रमण करना नहीं, बल्कि देश की सांस्कृतिक विविधता, धार्मिक विरासत और सामाजिक एकता को करीब से जानना तथा युवाओं को स्वास्थ्य, फिटनेस, साहस और राष्ट्रप्रेम के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति, प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और यहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार उनके हृदय को छू गया है। यहां मिला अपनापन और सम्मान उनकी यात्रा की अविस्मरणीय स्मृतियों में शामिल रहेगा। इस अवसर पर उपस्थित युवाओं ने उनके अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रव्यापी संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। सभी ने उनके सुरक्षित, सफल एवं मंगलमय भारत भ्रमण की शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनकी यह यात्रा देशभर के युवाओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी।

### खबर संक्षेप



## कलाम की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**खरोरा।** ग्राम खरोरा में भारत देश के महान वैज्ञानिक और देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुकेश चंद्राकर ने कहा कि अब्दुल कलाम ने भारत देश के करोड़ों युवाओं के प्रेरणा देश के प्रति एक महत्वपूर्ण योगदान निभाई। कार्यक्रम में मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर मौजूद थे।

## जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन कल

**महासमुंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 29 जुलाई 2026 को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह रोजगार मेला शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज, ग्राम बरोड़ा बाजार में प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित होगा।

## जिला पंचायत की सामान्य सभा 31 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन, समाज कल्याण, विद्युत, पशुपालन, मत्स्य, समग्र शिक्षा विभाग एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग से संबंधित एवं अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी।

## बरेकेल में पूर्णकालिक पटवारी की मांग

**झलप।** झलप उपतहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 25 ग्राम बरेकेलकला के ग्रामीणों ने पूर्णकालिक पटवारी की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार पदस्थ पटवारी चंचल ठाकुर के अपने हल्के में उपस्थित नहीं होने के चलते ग्राम के किसानों एवं छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पटवारी चंचल ठाकुर का कहना है कि वह बरेकेल का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही हैं। अपने मूल पदस्थापना में नियमित रूप से उपस्थित होकर कार्य कर रही है, जिसके चलते वो बरेकेल में समय नहीं दे पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी भी कार्य के लिए पटवारी के पास 10 किलोमीटर दूर छिलपावन आकर कार्य कराना पड़ता है। मौका जांच वाले कार्य इस कारण नहीं हो पा रहे हैं।

## रिमझिम बारिश में शीतला मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

सावन माह के शुभ आगमन से पूर्व ग्राम लोहरसी स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर में सोमवार को पारंपरिक 'माता पहुचानी' कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। रिमझिम बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। गांव के प्रत्येक घर से महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे पूजा की थालियों में दाल, चावल, नारियल तथा अपनी श्रद्धा अनुसार पूजन सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे और माता शीतला के चरणों में अर्पित की। पूरे मंदिर परिसर में सुबह से ही धार्मिक माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, अच्छी वर्षा, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। बारिश की फुहारों के बावजूद मंदिर में दर्शन और पूजा का सिलसिला लगातार चलता रहा। भक्तों का मानना है कि सावन माह से पहले माता शीतला की विशेष



पूजा-अर्चना करने से गांव में सुख-शांति बनी रहती है और सभी संकट दूर होते हैं। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। जयकारों और भक्ति गीतों के बीच ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट की। गांव के वरिष्ठजनों ने इसे वर्षों से चली आ रही धार्मिक परंपरा बताते हुए कहा कि यह आयोजन सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। श्रद्धालुओं की भारी उपस्थिति ने एक बार फिर साबित कर दिया कि लोहरसी में धार्मिक परंपराएं आज भी पूरे उत्साह और आस्था के साथ निभाई जा रही हैं।



## करपीदादर-लोहझर मार्ग के पक्कीकरण की मांग वर्षों से अधूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

छुरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत अमेठी के आश्रित ग्राम करपीदादर से लोहझर तक आज भी पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। अमेठी से लगभग 6–7 किलोमीटर दूर स्थित यह क्षेत्र चारों ओर से घने जंगलों से घिरा हुआ है और यहां मुख्य रूप से आदिवासी समुदाय निवास करता है। इस क्षेत्र में बिंझवार, कमार, दीवान, खड़िया तथा भुजिया गोंड समुदाय के लोग रहते हैं। इनका जीवन मुख्यतः वनोपज पर निर्भर है। तेंदूपत्ता, महुआ, चिरौंजी तथा चार जैसे वनोपज इनके आजीविका के प्रमुख साधन हैं। करपीदादर से लोहझर की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। ग्रामीणों के अनुसार यह सड़क कमार आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत पक्की बनाई जानी थी, लेकिन वर्षों बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। बरसात के दिनों में कच्चा मार्ग कीचड़ से भर जाता है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई होती है। इसका सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, मरीजों, गर्भवती महिलाओं और ग्रामीणों पर पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की है कि करपीदादर से लोहझर तक शीघ्र पक्की सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि आदिवासी ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल सके और उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके।

## म्यूजिक ग्रुप परिवार ने दी रफी, लता मुकेश, किशोर व आशा को श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

म्यूजिक ग्रुप परिवार छुरा के तत्वाधान में मोहम्मद रफी के पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि स्वरूप कार्यक्रम म्यूजिक ग्रुप कारवां आयोजित कर हिन्दी सिनेमा के महान फनकारों मो. रफी, लता, किशोर कुमार और मुकेश को उनके गीत गाकर श्रद्धांजलि दी गई। म्यूजिक ग्रुप परिवार विगत 5 वर्षो से यह आयोजन छुरा नगर में करते आ रहे है। इस वर्ष यह आयोजन 26 जुलाई रविवार को मंडी प्रांगण छुरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य डा आनंद गुप्ता, हरीश ठक्कर मंचासीन हुए। सर्वप्रथम अतिथिद्वय द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित किया गया, उसके पश्चात मो. रफी, लता मंगेशकर, आशा भोसले, किशोर कुमार, मुकेश के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। स्थानीय ग्रुप सदस्यों के द्वारा रायपुर, अभनपुर, अमलीपदर, राजिम, नवापारा, कोपरा, फिंगेश्वर और गरियाबंद से पधारे फनकारों का स्वागत अभिनंदन कुमकुम अक्षत व पुष्प भेंटकर किया गया। ग्रुप के संस्थापक सदस्य रीझे यादव ने म्यूजिक ग्रुप परिवार के परिकल्पना और सफर के बारे में बताया।

**सुरमई प्रस्तुतियों पर झूमे श्रोता-** इस अवसर पर पधारे अतिथि पूर्व नगर पंचायत छुरा के अध्यक्ष अब्दुल समद खान रिजवी ने कहा कि म्यूजिक ग्रुप की यह पहल सराहनीय है। भागमभाग की जिंदगी में आप लोग संगीत को जिंदा रखे हैं ये हमारे जिले के लिए गौरव की बात है। गीत संगीत का होना आवश्यक है अन्यथा जीवन नीरस हो जाता है।रफी साहब सहित सभी महान कलाकारों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम सराहनीय है। कार्यक्रम की शुरुआत गरियाबंद से पधारे एडवोकेट विजय सिन्हा जी ने शिव भजन हे! शंकर मेरे कब होंगे दर्शन तेरे...गीत गाकर किया। तत्पश्चात श्री नेमीचंद यादव ने शिर्डी वाले साईं बाबा गीत गाकर उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम के पहले दौर में अमलीपदर से आए संजय महाडिक ने तुम मुझे यूं भुला ना पाओगे गीत गाकर सबको भावविभोर किया। इसके पश्चात क्रमशः सभी कलाकारों की प्रस्तुति होती रही। जिसमें श्रीमती श्यामा नेताम ने नेमीचंद यादव के साथ रफी साहब का मशहूर गीत दिल पुकारे आ रे आ रे...की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए म्यूजिक ग्रुप आयोजन समिति के द्वारा आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया और विशेष सहयोग के लिए कलाकारों सहित साउंड सिस्टम के लिए अम्बे किराया भंडार के भुनेश्वर सिन्हा को भेंट उपहार दिया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती रश्मि गुप्ता, अशोक मानिकपुरी पितांबर वर्मा, मनीषदेव वर्मा, पवन नायक, विमल पुरोहित सहित नगर के गणमान्य नागरिक व संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## छात्र संघ के चुनाव में अंशु देवांगन बने शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसेला में छात्र संघ का चुनाव लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विधार्थियों ने उत्साहपूर्वक मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव परिणाम मे कक्षा 12 वीं के छात्र अंशु देवांगन शाला नायक,उपशाला नायक कुमारी विद्याश्री, सचिव लक्ष्मीकांत कक्षा 11 वीं, सहसचिव ओजस्वी यादव कक्षा 10 वीं, कोषाध्यक्ष पोषण कुमार कक्षा 11 वीं, उपकोषाध्यक्ष दुर्गेश कुमार कक्षा 11 वीं को बनाया गया है। इस तरह कक्षावार शाला नायक और उपशालानायक में कक्षा 9 वीं से कुमारी रत्नावली शाला नायक,उपशालानायक कुमारी डिम्पल और कक्षा 10 से योगेश्वरी ध्रुव, वासुदेव, कक्षा 11 वीं से विज्ञान संकाय में नुसार कुमार उईके शाला नायक और इस कक्षा में वाणिज्य संकाय से दुष्यंत कुमार जगत शाला नायक, उपशालानायक जानकी साहू, कलां संकाय से अभय अग्रवाल, कुमारी कुसुमलता, विज्ञान संकाय में कुमारी दीपिका, राकेश कुमार वहीं कक्षा 12 वीं में वाणिज्य संकाय से विरेन्द्र कुमार, कुमारी लुमेवरी,कला संकाय से शाला नायक टकेश कुमार और उपशालानायक कुमारी योगिता को चुना गया है। संस्था के प्राचार्य सुधीर मिश्रा ने कहा कि छात्र संघ चुनाव विधार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करता है। छात्र संघ प्रभारी शिक्षक संजय कुमार डोंगरे ने कहा कि यह पद सम्मान के साथ साथ सेवा और जिम्मेदारी का अवसर भी है। उन्होंने विधार्थियों से अनुशासन, ईमानदारी और सहयोग की भावना के साथ विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही संस्था के शिक्षक,शिक्षिकाए और छात्र छात्राओं को विभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें अनुशासन विभाग शिक्षक संजय कुमार डोंगरे छात्र कोमल ध्रुव,शिक्षिकाए उषा देवांगन सहा प्रभारी, छात्राएं डिम्पल, वहीं क्रिडा विभाग के प्रभारी के एस जगत,सहा प्रभारी कामेश यादव, छात्र विरेन्द्र कुमार,उमा। सांस्कृतिक विभाग में शिक्षक कुंजल सिंह जगत प्रभारी, सहा प्रभारी वाई साहू,ओ के साहू, छात्र में भूमिका मानिकपुरी, दुष्यंत जगत, स्वच्छता विभाग में प्रभारी शिक्षिका उषा देवांगन,सहा प्रभारी कुलेश्वरी मरकाम, विधार्थियों से बिन्दा नागेश, हिमांशु, इको क्लब के प्रभारी संजय कुमार डोंगरे,सहा.चिन्ता राम जैन, छात्र में नुसार उईके, दुर्गेश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी शिक्षिका ऊषा देवांगन सहा. कुंजल सिंह जगत, विधार्थियों में से विनिता, दानिश, रेडक्रास विभाग के प्रभारी होगे ऊषा देवांगन सहा. गेन्दराम खुटे,छात्र टकेश, कुमारी नव्या, स्काउट गाइड विभाग की जिम्मेदारी शिक्षक गेन्दराम खुटे,सहा. सुश्री दीपिका नागेश होगे वहीं छात्र में से रोशन कुमार और कुमारी योगेश्वरी को चयनित किया गया है। इस दौरान शाला के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाए और छात्र - छात्राएं उपस्थिति रहें।

शोक संदेश



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड रहा है कि,
श्री बलराम कृष्ण तिवारी जी
(पूर्व जिला अध्यक्ष - भाजपा रायपुर जिला ग्रामीण)
का स्वर्गवास 17 जुलाई 2026 दिन गुरुवार को हो गया, दिवंगत आत्मा की शांति हेतु श्रद्धांजलि सभा एवं तेरहवीं दिनांक 28 जुलाई 2026 दिन मंगलवार को होना सुनिश्चित हुआ है। अतः आपसे निवेदन है कि उक्त तिथि पर पधार कर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना करें।
कार्यक्रम स्थल :- आशुतोष अलका भवन, चण्डी मोड़ अभनपुर
दिनांक:- 28-07-2026
दिन :- मंगलवार, समय दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक
विनीत
गोपाल कृष्ण तिवारी (बडे भाई)
संचित तिवारी (पुत्र)
9425222228, 9752324111
शोकाकुल
धनश्याम कृष्ण तिवारी (भाई)
साकेत तिवारी (भतीजा) अनुज तिवारी (भतीजा)
अक्षत तिवारी (भतीजा) एवं समस्त तिवारी परिवार

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## उद्योग महासंघ ने किया पौधारोपण

**अभनपुर।** छत्तीसगढ़िया वाणिज्य उद्योग महासंघ अभनपुर इकाई एवं वृंदावन गार्डन कॉलोनी सिंगारभाठा के संयुक्त तत्वावधान में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रदेश अध्यक्ष शेखर वर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम 20 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए। उपाध्यक्ष ईश्वर पटेल ने पौधारोपण को जनअभियान बनाने की अपील करते हुए कहा कि विशेष अवसरों पर पौधे लगाना और उनकी देखभाल करना सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान दिलीप टिकरिहा, लक्ष्मण साहू, नारायण साहू, समीर यादव एवं सत्या बंजारे सहित संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## सशिमं खोरपा में संकुल आवर्ती वर्ग आयोजित



**अभनपुर।** सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की संकुल तूता का प्रथम आवर्ती वर्ग रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर खोरपा में सम्पन्न हुआ। वर्ग में तूता, केंद्री, सारखी, बिरोदा, खोरपा एवं बेंद्री सहित विभिन्न विद्यालयों के लगभग 65 आचार्य-दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेंद्र नशीने, दीपेन्द्र कुमार देवांगन एवं गैंद राम पटेल ने मां सरस्वती के पूजन से किया। जिला ग्राम भारती सचिव सुरेंद्र नशीने ने संगठन की वार्षिक योजनाओं पर प्रकाश डाला। भूपेन्द्र कुमार साहू एवं अवध पटेल ने आगामी खेलकूद प्रतियोगिताओं की तैयारियों की समीक्षा की। डिगेश्वर साहू ने खेलों की नियमावली की जानकारी दी, कार्यक्रम का संचालन तुलसीदास कोसले ने किया। वर्ग में वर्षभर की शैक्षणिक एवं संगठनात्मक कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

## आत्मानंद विद्यालय में कारगिल दिवस मनाया

**अभनपुर।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम विद्यालय अभनपुर में कारगिल विजय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कारगिल विजय दिवस के महत्व पर भाषण देते हुए वर्ष 1999 के कारगिल युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, ओजपूर्ण कविताएं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय परिवार ने शहीदों को नमन करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को सदैव स्मरण रखने का संकल्प लिया। प्राचार्य एवं शिक्षकों ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित करते हैं।

**किसानी : समय पर बारिश से बेहतर पैदावार की आस**

# मानसून की दस्तक से धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार खेतों में गूंज रहे महिलाओं के पारंपरिक लोकगीत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

मानसून की मेहरबानी के बाद पूरे अंचल में धान की रोपाई ने रफ्तार पकड़ ली है। खेतों में इन दिनों महिलाओं की मेहनत और समर्पण की अनूठी तस्वीर देखने को मिल रही है। सिर पर धूप, पैरों में कीचड़ और हाथों में धान की पौध लिए महिलाएं सुबह से शाम तक खेतों में डटी हुई हैं। उनकी मेहनत से गांवों के खेत फिर से हरियाली की उम्मीदों से भर उठे हैं। कृषि प्रधान क्षेत्र में धान की रोपाई केवल खेती का कार्य नहीं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और सामूहिक श्रम का प्रतीक है। महिलाएं समूह बनाकर रोपाई करती हैं। खेतों में काम के दौरान पारंपरिक लोकगीतों की मधुर धुनें वातावरण को जीवंत बना देती हैं, जिससे कठिन परिश्रम भी सहज प्रतीत होता है। किसानों का कहना है कि समय पर हुई बारिश से रोपाई का कार्य तेजी से चल रहा है। पर्याप्त पानी मिलने से इस वर्ष अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। वहीं कृषि विशेषज्ञ भी किसानों को संतुलित उर्वरक, उन्नत बीज और वैज्ञानिक पद्धति अपनाने की सलाह दे रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में आज भी खेती की रीढ़ महिलाएं ही हैं। बीज तैयार करने से लेकर रोपाई, निराई-गुड़ाई और कटाई तक हर चरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। खेतों में महिलाओं की अथक मेहनत यह संदेश देती है कि देश की अन्न व्यवस्था को मजबूत बनाने में उनकी भागीदारी सबसे अहम है। बारिश के बीच खेतों में झुकी इन मेहनतकश महिलाओं की तस्वीरें वास्तव में ग्रामीण भारत की जीवंत पहचान और आत्मनिर्भर कृषि की सच्ची तस्वीर प्रस्तुत करती हैं।

## बारिश से खेती कार्य तेज, मजदूरों की कमी से बढ़ी रोपाई की लागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

छत्तीसगढ़ का धान का कटोरा कहे जाने वाले गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसान खरीफ सीजन की खेती में पूरी तरह जुटे हुए हैं। लगातार हो रही बारिश के चलते छोटे-बड़े अधिकांश किसानों ने खेतों की जोताई, मटाई और धान की बुवाई का कार्य लगभग पूरा कर लिया है। वहीं अब धान की रोपाई का कार्य तेजी से जारी है। क्षेत्र में रोपाई के लिए मजदूरों की कमी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। मजदूर नहीं मिलने के कारण कई स्थानों पर रोपाई का कार्य ठेके पर कराया जा रहा है। रोपाई का ठेका प्रति एकड़ 7,000 से 7,500 तक में लिया जा रहा है, जबकि दैनिक मजदूरी लगभग 150 प्रति मजदूर दी जा रही है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष सामान्य से अधिक बारिश होने के कारण खुर्रा बुवाई कम हुई है, जबकि लैइहा बुवाई अधिक मात्रा में की गई है। लगातार और अत्यधिक वर्षा के कारण कई किसानों के खेतों में धान का बीज ठीक से अंकुरित नहीं हो सका, जिससे उन्हें दोबारा बुवाई (डबल बोवाई) करनी पड़ी।



हालांकि लगातार बारिश से खेतों की जोताई और मटाई में किसी प्रकार की विशेष परेशानी नहीं हुई, लेकिन अधिक नमी और जलभराव के कारण बीजों के अंकुरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इसके चलते किसानों की लागत बढ़ गई है। वहीं इस वर्ष क्षेत्र में अपेक्षाकृत कम किसान धान की रोपाई करवा रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में मौसम अनुकूल रहने पर फसल की स्थिति बेहतर होगी।

# सेंट जॉन्स स्कूल में 7 दिवसीय संस्कृत समर कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP–2020) के अंतर्गत सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में आयोजित 7 दिवसीय भारतीय भाषा (संस्कृत) समर कैंप का सफल एवं उत्साहपूर्ण समापन हुआ। इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा के प्रति रुचि, संवाद कौशल, भारतीय संस्कृति, इतिहास, भूगोल एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना था। सात दिनों तक आयोजित इस शिविर में विद्यार्थियों ने संस्कृत संवाद, प्रार्थना, गीत, श्लोक वाचन, सांस्कृतिक नृत्य, चित्रकला, स्थानीय कला एवं संस्कृति, फल-सब्जियों एवं पारंपरिक भोजन के संस्कृत नाम, महापुरुषों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का परिचय, इतिहास एवं भूगोल, नदियों एवं पर्वतों का अध्ययन, पारंपरिक खेल, अन्ताक्षरी, शब्द-श्रृंखला, जिह्वा-व्यायाम, प्रश्नोत्तरी तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने अभिभावकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-



पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर सैजू जेकब, मैनेजर आशीष जेकब, प्राचार्या बिंदु जार्ज जेकब एवं उप प्राचार्य श्री लोवित रत्नाकर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए भारतीय भाषाओं एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों को अत्यंत उपयोगी बताया। इस सात दिवसीय समर कैंप को सफल बनाने में शिक्षक दुष्यंत कुमार यदु एवं शिक्षक अरशद खान का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# ठेठवार समाज छुरा राज ने शिक्षा व विधि मंत्री गजेंद्र यादव से की सौजन्य मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ठेठवार समाज छुरा राज के संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और सदस्यगण प्रदेश के स्कूल शिक्षा एवं विधि - विधायी मंत्री गजेन्द्र दो यादव के बंगले में सौजन्य मुलाकात किया गया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किए। वहां पर उपस्थित सर्व यादव समाज के जिला गरियाबंद, महासमुंद, कांकरे,बलौदा बाजार, सिमगा सहित यादव समाज के पदाधिकारी, संरक्षक और सदस्य ने छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज के अध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व में शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर समाज के उत्थान, शिक्षा के प्रचार-प्रसार और युवाओं के सशक्तिकरण पर विचार



विमर्श हुआ। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य सामाजिक एकता, संगठन की मजबूती और समाज के विकास के प्रति नई उम्मीद जताई। मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक अधिकार, युवाओं की भागीदारी, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के सर्वांगीण विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। यादव समाज के प्रतिनिधियों ने आवश्यकताओं और समाज हित से जुड़े विषयों को प्रमुखता से रखते हुए सकारात्मक पहल की मांग की। मंत्री जी ने वहां उपस्थित रहे समाज के पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि शिक्षा, संगठन और जागरूकता ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने का आह्वान किया। साथ ही समाज के हितों से जुड़े विषयों पर हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। पांच जिलों से आए हुए यादव समाज के सभी लोगों को नाश्ता,चाय, फिर रात्रि को भोजन कराएं गये। इस मौके पर छुरा राज ठेठवार समाज के संरक्षक प्रहलाद यदु , राजेश यादव, अध्यक्ष चमन लाल यादव, कोषाध्यक्ष परमेश्वर यादव, सचिव योगेश कुमार यादव,टपेन्द यादव, नन्दलाल यादव उपस्थित रहे।

## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा के दो विद्यार्थियों का प्रयास विद्यालय में चयन

**मैनपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, देहारगुड़ा ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि दर्ज कर क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान को और मजबूत किया है। विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर यह साबित कर दिया है कि निरंतर परिश्रम, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण और उचित मार्गदर्शन से बड़ी उपलब्धियां प्राप्त की जा सकती हैं। विद्यालय से कक्षा नवमी के लिए मेधावी छात्र अविराज पटेल का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय रायपुर तथा चहक कुटारे का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय, कांकेर के लिए हुआ है। डीएवी



मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल, देहारगुड़ा वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए जाना जाता है। विद्यालय के विद्यार्थी लगातार नवोदय, एकलव्य एवं प्रयास जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर रहे हैं। इस वर्ष मिली यह सफलता विद्यालय की निरंतर प्रगति और उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय नागेश ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, शिक्षकों की प्रतिबद्धता और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है।

**सभी विषयों की पुस्तकें नहीं पहुंचीं, शिक्षक-विद्यार्थी परेशान**

# सत्र शुरू हुए डेढ़ माह बीता, पर नहीं मिलीं सभी पाठ्यपुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

प्रदेश में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हुए करीब डेढ़ माह बीत चुका है, लेकिन अब तक क्षेत्र के अनेक सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों को सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। कहीं केवल एक-दो विषयों की पुस्तकें मिली हैं तो कहीं गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिंदी और अंग्रेजी जैसी मुख्य विषयों की किताबों का इंतजार जारी है। ऐसे में प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के दावों पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

विद्यालयों में शिक्षक वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार नियमित अध्यापन शुरू कर चुके हैं, लेकिन अधिकांश विद्यार्थियों के पास पुस्तकें नहीं होने से पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई जगह शिक्षकों को पूरा पाठ



ब्लैकबोर्ड पर लिखाना पड़ रहा है, जिससे कक्षा का बहुमूल्य समय व्यर्थ हो रहा है। जिन विषयों की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं, उनका अध्यापन भी प्रभावित हो रहा है।

**स्वाध्याय पर ब्रेक, ग्रामीण बच्चों की चिंता बढ़ी-** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 गतिविधि आधारित, अनुभवात्मक और अवधारणात्मक शिक्षा पर बल देती है, लेकिन बिना पाठ्यपुस्तकों के इन उद्देश्यों को जमीन पर उतारना मुश्किल दिखाई दे रहा है। पाठ्यपुस्तकें केवल परीक्षा की तैयारी का साधन नहीं, बल्कि स्वाध्याय,



अभ्यास, परियोजना कार्य और विषय की गहन समझ का आधार होती हैं। पुस्तकों के अभाव में विद्यार्थी घर पर नियमित अध्ययन भी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी सीखने की गति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है।उरेन्द्र साहू ने अनेकों स्कूलों पड़ताल की तो बच्चों की भविष्य खतरे में दिखी बता दे की सबसे अधिक चिंता ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को लेकर है, जहां अधिकांश परिवार निजी पुस्तकें खरीदने में सक्षम नहीं हैं। यदि आने वाले समय में भी सभी विषयों की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हुईं तो निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा करना चुनौती बन सकता है और वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी भी प्रभावित होगी। शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थियों ने स्कूल शिक्षा विभाग से मांग की है कि सभी विद्यालयों में सभी कक्षाओं की सभी विषयों की पाठ्यपुस्तकें तत्काल उपलब्ध कराई जाएं। शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भवन, योजनाएं और प्रशिक्षित शिक्षक तभी प्रभावी साबित होंगे, जब प्रत्येक विद्यार्थी के हाथ में समय पर पूरी पाठ्यपुस्तक होगी। जब तक हर बच्चे तक सभी विषयों की किताबें नहीं पहुंचेंगी, तब तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य अधूरा ही रहेगा।

